भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1769
गुरुवार, दिनांक 28 नवम्बर, 2019 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>सौर ऊर्जा विकास हेतु नई नीति</u>

1769. श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेलः
श्रीमती रक्षा निखिल खाडसेः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में सौर ऊर्जा के विकास हेतु किसी नई नीति की घोषणा की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी लाभ सहित ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विश्वस्तरीय अनुसंधान और विकास, जांच और प्रमाणन और प्रशिक्षण तथा उत्कृष्ट केन्द्र के माध्यम से सौर ऊर्जा के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा तथा विद्युत और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री आर. के. सिंह)

(क) और (ख): सरकार ने देश में सौर ऊर्जा प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं/नीतिगत उपाय शुरू किए हैं। विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ग) और (घ): सरकार ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के लिए गुरुग्राम, हरियाणा में राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (नाइस) की स्थापना की है। नाइस अनुसंधान, परीक्षण, प्रौद्योगिकी विकास और सौर तापीय तथा सौर प्रकाशवोल्टिक प्रौद्योगिकियों सहित सौर ऊर्जा के क्षेत्र में प्रशिक्षण पर ध्यान देता है।